# NEWS COVERAGE REPORT OF CULTURE DEPARTMENT FOR 6 MARCH 2025

CULTURE DEPARTMENT PMU TEAM

# DAILY NEWS

## आवंटित बजट का एक भी पैसा लैप्स नहीं होना चाहिए-जयवीर सिंह

| Publication | अमर उजाला (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 6 MAR 2025 | Page-03 |
|---|---|---|---|---|

# आवंटित बजट का एक भी पैसा लैप्स न हो : जयवीर

### पर्यटन मंत्री ने समीक्षा बैठक में खाली पदों को जल्द भरने के दिए निर्देश



लखनऊ। पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले सभी मदों में आवंटित धनराशि का शत-प्रतिशत प्रयोग सुनिश्चित करें। किसी दशा में बजट सरेंडर न किया जाए।

निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय से पूरा करें। काम समाप्त होने के बाद संबंधित योजना का उपयोगिता प्रमाण पत्र जल्द प्रस्तुत करें। वह बुधवार को पर्यटन भवन में विभाग की वित्तीय प्रगति व योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने खाली पदों के सापेक्ष अधियाचन जल्द भेजने के निर्देश दिए। कहा, पद खाली होने से विभागीय योजनाएं प्रभावित होती हैं। वहीं, पदोन्नति के मामलों में देरी न करने की हिदायत भी दी। राज्य ललित कला अकादमी द्वारा मूर्ति निर्माण का काम भी समय से पूरा करें।

पर्यटन मंत्री ने तीर्थ विकास परिषदों के लिए अनुमोदित कार्ययोजना की स्थिति जानी। लोकार्पण व शिलान्यास के लिए तैयार योजनाओं की सूची बनाने के निर्देश दिए। संस्कृति विभाग की समीक्षा में लोक कलाकार वाद्ययंत्र योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में हरमोनियम, ढोलक, मंजीरा और घुंघरू आदि वाद्ययंत्र 31 मार्च तक वितरित करने के निर्देश दिए।

बैठक में तय हुआ कि मुख्य समारोह लखनऊ में आयोजित किया जाए। सभी मंडलों में कार्यक्रम आयोजित कर कलाकारों को वाद्ययंत्र वितरित किया जाएगा। बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन व संस्कृति मुकेश मेश्राम, विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया, निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्र आदि थे। ब्यूरो

CULTURE DEPARTMENT PMU TEAM

| Publication | पायनियर (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 6 MAR 2025 | Page-02 |
|---|---|---|---|---|

# आवंटित बजट का एक भी पैसा लैप्स नहीं होना चाहिए: जयवीर



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि चालू वित्तीय वर्ष के समाप्ति से पूर्व सभी मदों में आवंटित धनराशि का शत.प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करें। किसी भी दशा में बजट का सरेन्डर न किया जाए। इसके साथ ही निर्माणाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करें। कार्य समाप्ति हो जाने के बाद संबंधित योजना का उपयोगिता प्रमाण पत्र यथाशीघ्र प्रस्तुत करें।

संस्कृति मंत्री बुधवार को पर्यटन भवन में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की वित्तीय प्रगति तथा विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने रिक्त पदों के सापेक्ष अधियाचन भेजने की कार्यवाही तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये, इसके साथ ही पदोन्नति के मामलों में किसी स्तर पर विलम्ब न किये जाने की हिदायत भी दी। उन्होंने कहा कि पदरिक्त होने से विभागीय योजनायें प्रभावित होती हैं। इसके अलावा उन्होंने राज्य ललित कला अकादमी द्वारा मूर्ति निर्माण का कार्य भी समय से पूरा करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त स्थापित मूर्तियों का भूतत्व खनिकर्म से धातु के मिश्रण की जांच की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिये। जयवीर सिंह ने तीर्थ विकास परिषदों के अंतर्गत अनुमोदित कार्ययोजना के सापेक्ष प्राप्त आगणनों एवं स्वीकृति की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 की मुख्य कार्ययोजना में स्वीकृति प्रस्तावों की कार्यदायी संस्थावार की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पर्यटन नीति 2022 के तहत आवंटित एवं अवशेष धनराशि के बारे में समीक्षा की। इसके अलावा लोकार्पण तथा शिलान्यास के लिए तैयार योजनाओं की सूची तैयार करने के निर्देश दिये। पर्यटन मंत्री ने संस्कृति विभाग की आय.व्यय की समीक्षा के दौरान लोक कलाकार वाद्ययंत्र योजना के अंतर्गत प्रदेश की ग्राम पंचायतों में वितरित किए जाने वाले वाद्य यंत्रों की जानकारी ली और 31 मार्चए 2025 तक इनके वितरण के निर्देश दिया। बैठक में तय किया गया कि लोक कल्याण वाद्ययंत्र योजना के तहत मुख्य समारोह लखनऊ में आयोजित किया जाएए इसके साथ ही सभी मंडलों में कार्यक्रम आयोजित कर कलाकारों को वाद्य यंत्र वितरित किए जाए। मंत्री ने निर्देश दिया कि मंडल स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से वाद्ययंत्रों का वितरण कराया जाए।

CULTURE DEPARTMENT PMU TEAM

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Publication | नवभारत टाइम्स (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 6 MAR 2025 | Page-04 |

# '31 मार्च तक बांट दिए जाएं वाद्ययंत्र'

**NBT न्यूज, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि चालू वित्तीय वर्ष के समाप्ति से पहले सभी मदों में आवंटित धनराशि का शत-प्रतिशत उपयोग हो। किसी भी दशा में वजट का सरेंडर न किया जाए। इसके साथ ही निर्माणाधीन परियोजनाओं को समयवद्ध ढंग से पूरा करें। कार्य समाप्ति हो जाने के वाद संवंधित योजना का उपयोगिता प्रमाण पत्र यथाशीघ्र प्रस्तुत करें। वे पर्यटन भवन में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की वित्तीय प्रगति तथा विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने रिक्त पदों के सापेक्ष अधियाचन भेजने की कार्रवाई तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री ने लोक कलाकार वाद्ययंत्र योजना के अंतर्गत प्रदेश की ग्राम पंचायतों में वाद्य यंत्रों को 31 मार्च तक वांटने को कहा। बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम, विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया, निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्र, जेपी सिंह, दिलीप कुमार गुप्ता, तुहिन द्विवेदी, रीनू रंगभारती, राजेश अहिरवार मौजूद रहे।

**संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दिए निर्देश**

CULTURE DEPARTMENT PMU TEAM

| Publication | आज (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 6 MAR 2025 | Page-02 |
| --- | --- | --- | --- | --- |

# आवंटित बजट का एक भी पैसा लैप्स नहीं होना चाहिये-जयवीर



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि चालू वित्तीय वर्ष के समाप्ति से पूर्व सभी मदों में आवंटित धनराशि का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करें। किसी भी दशा में बजट का सरेन्डर न किया जाए। इसके साथ ही निर्माणाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करें। कार्य समाप्ति हो जाने के बाद संबंधित योजना का उपयोगिता प्रमाण पत्र यथाशीघ्र प्रस्तुत करें। संस्कृति मंत्री आज पर्यटन भवन में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की वित्तीय प्रगति तथा विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने रिक्त पदों के सापेक्ष अधियाचन भेजने की कार्यवाही तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये, इसके साथ ही पदोन्नति के मामलों में किसी स्तर पर विलम्ब न किये जाने की हिदायत भी दी। पद रिक्त होने से विभागीय योजनायें प्रभावित होती हैं। इसके अलावा उन्होंने राज्य ललित कला अकादमी द्वारा मूर्ति निर्माण का कार्य भी समय से पूरा करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त स्थापित मूर्तियों का भूतत्व खनिकर्म से धातु के मिश्रण की जांच की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिये।

| Publication | राष्ट्रीय सहारा (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 6 MAR 2025 | Page-10 |
|---|---|---|---|---|

# लैप्स न हो आवंटित बजट का एक भी पैसा : जयवीर



लखनऊ (एसएनबी)। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये है कि चालू वित्तीय वर्ष के समाप्ति से पूर्व सभी मदों में आवंटित धनराशि का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करें। किसी भी दशा में बजट का सरेन्डर न किया जाए। इसके साथ ही निर्माणाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करें। कार्य समाप्ति हो जाने के बाद संबंधित योजना का उपयोगिता प्रमाण पत्र यथाशीघ्र प्रस्तुत करें।

**लोक कलाकारों को वाद्ययंत्रों के वितरण के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जाए**

पर्यटन भवन में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की वित्तीय प्रगति तथा विभिन्न योजनाओं की समीक्षा संस्कृति मंत्री कर रहे थे। उन्होंने रिक्त पदों के सापेक्ष अधियाचन भेजने की कार्यवाही तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये।पर्यटन मंत्री ने संस्कृति विभाग की आय-व्यय की समीक्षा के दौरान लोक कलाकार वाद्ययंत्र योजना के अंतर्गत प्रदेश की ग्राम पंचायतों में वितरित किए जाने वाले वाद्य यंत्रों की जानकारी ली और 31 मार्च, 2025 तक इनके वितरण के निर्देश दिया।2025 मण्डलीय जनपदों से 10-10 चयनित ग्राम पंचायतों और शेष समस्त जनपदों से 5-5 ग्राम पंचायतों का चयन जिलाधिकारी के माध्यम से किया जा रहा है। योजना के तहत प्रदान किए जाने वाले वाद्य यंत्रों में हारमोनियम, ढोलक, मंजीरा और घुंघरू आदि शामिल है।

बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम, विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया, निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्र, पर्यटन सलाहकार जेपी सिंह, वित्त अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

CULTURE DEPARTMENT PMU TEAM

| Publication | Live Hindustan | Publishing Date : | 6 MAR 2025 | Online |
|---|---|---|---|---|

https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/lucknow/story-minister-emphasizes-full-utilization-of-tourism-budget-and-timely-project-completion-201741188068680.html

# पर्यटन विभाग के रिक्त पदों पर जल्द भेजें अधियाचन: जयवीर

Lucknow News - पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि चालू वित्तीय वर्ष में आवंटित बजट का पूरा उपयोग किया जाए। किसी भी दशा में बजट सरेंडर नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने...

**Newswrap** ▪ हिन्दुस्तान, लखनऊ

Wed, 5 March 2025 08:51 PM

Share

Follow Us on

CULTURE DEPARTMENT PMU TEAM

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Publication** | **Do Took Media** | **Publishing Date :** | **6 MAR 2025** | **Online** |

https://www.dotookmedia.com/2025/03/lucknow-folk-artists-should-be-given.html

# लखनऊ : लोक कलाकारों को वाद्ययंत्रों वक्त से किया जाए:मंत्री जयवीर सिंह।||Lucknow : Folk artists should be given musical instruments on time: Minister Jaiveer Singh.||

**शेयर करें:**

DO TOOK MEDIA 3/05/2025 09:45:00 Pm लखनऊ , सामाजिक सरोकार **0** Comments

**लखनऊ :**

**लोक कलाकारों को वाद्ययंत्रों वक्त से किया जाए:मंत्री जयवीर सिंह।।**

| Publication | Bharat Prakash News | Publishing Date : | 6 MAR 2025 | Online |
|---|---|---|---|---|

https://bharatprakashnews.com/uttar-pradesh/folk-artists-in-the-state-till-31-will-be-good-with-the-instrumental-scheme/

उत्तर प्रदेश | बड़ी खबर

# 31 तक प्रदेश में लोक कलाकार वाद्ययंत्र योजना से होंगे अच्छादित

मंत्री ने प्रदेश की ग्राम पंचायतों में वितरित करने के दिए निर्देश



Bharat Prakash News

17 घंटे ago

0

लखनऊ, भारत प्रकाश न्यूज़। प्रदेश के प्रतिभावान कलाकारों को वाद्ययंत्रों से अच्छादित किया जाएगा। बुधवार को उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये है कि चालू वित्तीय वर्ष के समाप्ति से पूर्व सभी मदो मे आवंटित धनराशि का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करे। किसी भी दशा मे बजट का सरेन्डर न किया जाए। इसके साथ ही निर्माणाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करे। कार्य समाप्ति हो जाने के बाद संबंधित योजना का उपयोगिता प्रमाण पत्र यथाशीघ्र प्रस्तुत करे। संस्कृति मंत्री ने पर्यटन भवन मे पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की वित्तीय प्रगति तथा विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने रिक्त पदो के सापेक्ष अधियाचन भेजने की कार्रवाई तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये। इसके

# राज्य संग्रहालय में 'चिकनकारी' पर नौ दिवसीय कार्यशाला का दूसरा दिन'

| Publication | अमृत विचार<br>(लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 6 MAR 2025 | Page- 05 |
|---|---|---|---|---|



## ब्रिटेन की रॉयल ड्रेस से लेकर आम आदमी तक है चिकनकारी की पहुंच

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य संग्रहालय में चिकनकारी पर चल रही 9 दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन युवा प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षणार्थियों ने कपड़े पर टेपची, पेंचनी, कील, फंदा, घास पत्ती की कढ़ाई सीखी।

राज्य संग्रहालय, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड और अवध चिकनकारी प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यशाला 12 मार्च तक चलेगी।

बुधवार को कार्यशाला में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय संग्रहालय नई दिल्ली की पूर्व क्यूरेटर डॉ. अनामिका पाठक ने अपने व्याख्यान में चिकनकारी के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस कला के प्राचीन साक्ष्यों, औपनिवेशिक काल में चिकनकारी की इंग्लैण्ड में लगी प्रदर्शनी और प्राचीन साक्ष्यों को लिपिबद्ध करना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही ब्रिटेन की रॉयल ड्रेस से आम आदमी तक के परिधानों में चिकनकारी का प्रयोग हो रहा है।

कार्यशाला में कोलकाता से आए विशाल साहा ने बताया कि ऐसी कार्यशालाएं अपनी प्रतिभा को निखारने का सुनहरा अवसर तो प्रदान करती ही हैं साथ ही नए हुनर को भी सीखने का मौका देती हैं। जामदानी कला पर शोध कर रहे विशाल ने बताया कि लखनऊ संग्रहालय में आकर पुस्तकीय ज्ञान को सीखने का मौका मिला।

CULTURE DEPARTMENT PMU TEAM

| Publication | Tarun Mitra | Publishing Date : | 6 MAR 2025 | Online |
|---|---|---|---|---|

https://www.tarunmitra.in/state/uttar-pradesh/golden-opportunity-to-enhance-talent/article-77047

# कार्यशालाएं प्रतिभा को निखारने का सुनहरा अवसर

By Harshit On 05 Mar 2025 20:44:42




**लखनऊ।** राज्य संग्रहालय, लखनऊ में चिकनकारी पर चल रही 9 दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन भी युवा प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कपड़े पर टेपची, पेंचनी, कील, फंदा, घास पत्ती की कढ़ाई सीखी। राज्य संग्रहालय (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) खादी ग्रामोद्योग बोर्ड एवं अवध चिकनकारी प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से कार्यशाला 12 मार्च तक चलेगी।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली की पूर्व क्यूरेटर डॉ. अनामिका पाठक ने अपने व्याख्यान में चिकनकारी के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस कला के प्राचीन साक्ष्यों, औपनिवेशिक काल में चिकनकारी की इंग्लैण्ड में लगी प्रदर्शनी और प्राचीन साक्ष्यों को लिपिबद्ध करना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही ब्रिटेन की रॉयल ड्रेस से आम आदमी तक के परिधानों में चिकनकारी का प्रयोग हो रहा है।

कार्यशाला में कोलकाता से आए विशाल साहा ने बताया कि ऐसी कार्यशालाएं अपनी प्रतिभा को निखारने का सुनहरा अवसर तो प्रदान करती ही हैं, इसके साथ नए हुनर को भी सीखने का मौका देती हैं। जामदानी कला पर शोध कर रहे विशाल ने बताया कि लखनऊ संग्रहालय में आकर पुस्तकीय ज्ञान को सीखने का मौका मिला।

CULTURE DEPARTMENT PMU TEAM

| Publication | Dainik Bhaskar | Publishing Date : | 6 MAR 2025 | Online |
| --- | --- | --- | --- | --- |

https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/lucknow/news/chikankari-being-taught-in-a-workshop-in-lucknow-134588960.html

# लखनऊ में वर्कशॉप में सिखाई जा रही चिकनकारी: सीखने पहुंच रहे कई युवा; राज्य संग्रहालय में दूसरे दिन घास-पत्तियों की कढ़ाई सिखाई

लखनऊ। 17 घंटे पहले



CULTURE DEPARTMENT PMU TEAM

# ‘नवनाथ एवं नाथ परम्परा’ चित्रांकन शिविर और प्रदर्शनी का आयोजन भुज और गोरखपुर में

| Publication | हिन्दुस्तान (गोरखपुर एडिशन) | Publishing Date : | 6 MAR 2025 | Page- 05 |
|---|---|---|---|---|

## ‘नवनाथ एवं नाथ परम्परा’ पर लगेगी प्रदर्शनी

गोरखपुर। नौ दिवसीय राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर का उद्घाटन भुज में और पूर्णता प्रदर्शनी आयोजन राजकीय बौद्ध संग्रहालय में किया जाएगा। बुधवार को राजकीय बौद्ध संग्रहालय के उप निदेशक डॉ. यशवन्त सिंह ने बताया कि शिविर का शुभारम्भ 6 मार्च को भुज में होगा। 11 मार्च तक सोनिस आर्ट गैलरी में नाथ परम्परा पर चित्रों का सृजन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार इस शिविर का उद्घाटन सांसद कच्छ मोरबी विनोद एल. चावडा द्वारा किया जाएगा।

CULTURE DEPARTMENT PMU TEAM

| Publication | दैनिक जागरण (गोरखपुर एडिशन) | Publishing Date : | 6 MAR 2025 | Page- 04 |
|---|---|---|---|---|

# चित्रांकन शिविर में नाथ परंपरा पर रहेगा फोकस

जासं, गोरखपुर : नव दिवसीय राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर का उद्घाटन गुजरात के भुज और पूर्णता प्रदर्शनी का आयोजन उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के राजकीय बौद्ध संग्रहालय गोरखपुर में होगा। भुज स्थित सोनिस आर्ट गैलरी नवीन सोनी कच्छ और राजकीय बौद्ध संग्रहालय गोरखपुर के संयुक्त उपक्रम से इस शिविर का आयोजन होगा। इसमें नवनाथ एवं नाथ परंपरा के विषय पर नवीनतम रचनात्मक सृजन किया जाएगा। राजकीय बौद्ध संग्रहालय के उप निदेशक डा. यशवन्त सिंह राठौर ने बताया कि गुरुवार को शिविर का शुभारंभ भुज में होगा। 11 मार्च तक वहां सोनिस आर्ट गैलरी में नाथ परंपरा पर चित्रों का आयल माध्यम में सृजन किया जाएगा। राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर के माध्यम से कच्छ और उत्तर प्रदेश की चित्र शैली का भी आदान-प्रदान होगा। इस शिविर का उद्घाटन कच्छ मोरबी के सांसद विनोद एल चावडा करेंगे। शिविर का समापन गोरखपुर में 15 से 17 मार्च में चित्रांकन की पूर्णता एवं प्रदर्शनी से साथ होगा।

CULTURE DEPARTMENT PMU TEAM

| Publication | दैनिक जनस्पर्श (गोरखपुर एडिशन) | Publishing Date : | 6 MAR 2025 | – |
|---|---|---|---|---|

# भुज और गोरखपुर में "नवनाथ एवं नाथ परम्परा" चित्रांकन शिविर व प्रदर्शनी

**संवाददाता**

गोरखपुर। नव दिवसीय राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर का उद्घाटन भुज में और पूर्णता प्रदर्शनी आयोजन के साथ उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के राजकीय बौद्ध संग्रहालय गोरखपुर में होगी। भुज स्थित सोनिस आर्ट गैलरी नवीन सोनी कच्छ और राजकीय बौद्ध संग्रहालय गोरखपुर के संयुक्त उपक्रम से यह राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें नवनाथ एवं नाथ परम्परा के विषय पर नवीनतम रचनात्मक सृजन किया जाएगा। राजकीय बौद्ध संग्रहालय गोरखपुर के उप निदेशक डॉ. यशवन्त सिंह राठौर की दी गई जानकारी के अनुसार दिनांक 6 मार्च गुरुवार को शिविर का शुभारम्भ भुज में होगा और 11 मार्च तक भुज में रङ्गल्ल'२ अ१३ ऋं'ी१८ में नाथ परम्परा पर चित्रों का ङ्क' माध्यम में सृजन किया जाएगा। राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर के माध्यम से कच्छ और उत्तर प्रदेश की चित्र शैली का भी आदान-प्रदान होगा। यह एक विशिष्ट संयोग है कि इस शिविर का उद्घाटन माननीय सांसद कच्छ मोरबी श्री विनोद एल. चावडा एवं कच्छ क्षेत्र के कई गणमान्य महानुभावों की उपस्थिति में किया जाएगा।

CULTURE DEPARTMENT PMU TEAM

| Publication | Nishpaksha Pratinidhi | Publishing Date : | 6 MAR 2025 | Online |
|---|---|---|---|---|

https://nishpakshpratinidhi.com/2025/03/05/bhuj-aur/#:~:text=

By : **Nishpaksh Pratinidhi** | Published Date : **5 Mar 2025 7:41 PM** | **47 views**

## भुज और गोरखपुर में "नवनाथ एवं नाथ परम्परा" चित्रांकन शिविर व प्रदर्शनी




गोरखपुर-नव दिवसीय राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर का उद्घाटन भुज मे और पूर्णता प्रदर्शनी आयोजन के साथ उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के राजकीय बौद्ध संग्रहालय गोरखपुर मे होगी। भुज स्थित सोनिस आर्ट गैलरी नवीन सोनी कच्छ और राजकीय बौद्ध संग्रहालय गोरखपुर के संयुक्त उपक्रम से यह राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमे नवनाथ एवं नाथ परम्परा के विषय पर नवीनतम रचनात्मक सृजन किया जाएगा।

CULTURE DEPARTMENT PMU TEAM

| Publication | Cherish Times | Publishing Date : | 6 MAR 2025 | Online |
| --- | --- | --- | --- | --- |

https://www.cherishtimes.in/uttar-pradesh/68311

# भुज और गोरखपुर में “नवनाथ एवं नाथ परम्परा” चित्रांकन शिविर व प्रदर्शनी

Cherish Times · 17 hours ago · 9 · 1 minute read



गोरखपुर : नव दिवसीय राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर का उद्घाटन भुज में और पूर्णता प्रदर्शनी आयोजन के साथ उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के राजकीय बौद्ध संग्रहालय गोरखपुर में होगी। भुज स्थित सोनिस आर्ट गैलरी नवीन सोनी कच्छ और राजकीय बौद्ध संग्रहालय गोरखपुर के संयुक्त उपक्रम से यह राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें नवनाथ एवं नाथ परम्परा के विषय पर नवीनतम रचनात्मक सृजन किया जाएगा। राजकीय बौद्ध संग्रहालय गोरखपुर के उप निदेशक डॉ. यशवन्त सिंह राठौर की दी गई जानकारी के अनुसार दिनांक 6 मार्च गुरुवार को शिविर का शुभारम्भ भुज में होगा और 11 मार्च तक भुज में Soni's Art Gallery में नाथ परम्परा पर चित्रों का oil माध्यम में सृजन किया जाएगा। राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर के माध्यम से कच्छ और उत्तर प्रदेश की चित्र शैली का भी आदान-प्रदान होगा। यह एक विशिष्ट संयोग है कि इस शिविर का उद्घाटन माननीय सांसद कच्छ मोरबी श्री विनोद एल. चावडा एवं कच्छ क्षेत्र के कई गणमान्य महानुभावों की उपस्थिति में किया जाएगा। चित्रांकन शिविर का समापन गोरखपुर में 15 से 17 मार्च 2025 में चित्रांकन की पूर्णता एवं प्रदर्शनी से साथ होगा।